वन-लाइनर्स (7 अगस्त 2021)

- प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** (देश का सर्वोच्च खेल सम्मान) का नाम बदलकर हॉकी के जादूगर **मेजर ध्यानचंद** के नाम पर करने की घोषणा की।
- भारत के **भाला फेंक** खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा** (23 वर्षीय) ने **ओलंपिक ट्रैक एंड फील्ड** स्पर्धा में **पहली बार स्वर्ण पदक** जीतकर इतिहास रच दिया।
- **कपड़ा मंत्रालय** द्वारा **7 अगस्त** को वर्चुअल माध्यम में **राष्ट्रीय हथकरघा दिवस** का आयोजन किया जा रहा है।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री **डॉ. वीरेंद्र कुमार** ने कौशल विकास योजनाओं को लक्षित समूहों हेतु सुगम्य बनाने के लिए PM-DAKSH पोर्टल तथा PM-DAKSH मोबाइल ऐप लॉन्च किया।
- जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल **मनोज सिन्हा** ने **स्वतंत्रता दिवस** समारोह के लिए डल झील के तट से साइक्लोथॉन कार्यक्रम **'पेडल फॉर डल'** को झंडी दिखाई।
- भारतीय पहलवान **बजरंग पुनिया** ने कजाकस्तान के **दौलेट नियाज़बेकोव** को 8-0 से हराकर पुरुषों की **65 किग्रा फ्रीस्टाइल** स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- **धृति बनर्जी** को **भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (ZSI) की पहली महिला निदेशक** नियुक्त किया गया।
- **मनन भट्ट** ने एक नई पुस्तक **'बालाकोट एयर स्ट्राइक: हाउ इंडिया एवेंज्ड पुलवामा'** विमोचित की है। पुस्तक **गरुड़ प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित की गई है।

gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now